## सार-समाचार

### हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर प्रशिक्षण प्रारंभ

**लक्ष्मनगढ़ शेखावाटी** (निसं)। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में हेल्थ एन्ड वैलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को नामित किया गया है। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 12वी तक पढ़ने वाले बच्चो की आंखों की जांच (दूरदृष्टि एवं कलर ब्लाइंडनेस) हेतु विद्यालय स्तर पर प्राथमिक स्क्रीनिंग की जानी है जिस हेतु प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण 29 अगस्त से 3 सितंबर तक 50-50 शिक्षकों के बैच में आयोजित किया जाएगा जिस क्रम में आज दो बैचों के कुल 91 शिक्षकों को हेल्थ एन्ड वैलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण जिला अस्पताल, लक्ष्मणगढ के नेत्र सहायक पवन कुमार सैनी द्वारा नेत्र जांच की प्राथमिक स्क्रीनिंग के बारे में विस्तार से बताया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कस्वां, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने भी विद्यार्थियों की नेत्र जांच एवं प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया। बीपीओ विकाश तुनवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में जानकरी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक नेछवा में भी हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर का प्रशिक्षण गणेश कॉलेज गनेड़ी में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शुक्रवार को शिक्षकों के एक बैच को उपजिला अस्पताल नेछवा के नेत्र सहायक दीपिका टेलर द्वारा प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक लक्ष्मणगढ के कुल 278 शिक्षकों को एवं ब्लॉक नेछवा के कुल 123 शिक्षकों को हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वित्तीय समावेशन संतृप्त अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**सीकर** (निसं)। केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्त अभियान कार्यक्रम के तहत पिपराली में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि उप मंडल प्रमुख विमल शर्मा, अक्षय गुंबर सहायक महाप्रबंधक आरबीआई व एम एल मीणा डीडीएम नाबार्ड रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भारत सरकार देश की जनता के विकास को लेकर बैंकों के माध्यम से कई योजनाएं चलाई जा रही है पर जानकारी के अभाव में लोग सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। शर्मा ने बताया कि आज डिजिटल धोखाधडी बढी है। जिसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि अपने खाते को सुरक्षित रखने के लिए केवाईसी कराना जरूरी है। जिसे कैम्प तथा बैंकों में कराया जा रहा है। अग्रणी बैंक प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि पीएमजेवाई का भी खाता खोला जा रहा है, जिसका लोग लाभ ले सकते हैं। मौके पर पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई, एपीवाई से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में जितेंद्र भूकर शाखा प्रबंधक, विनीता स्वामी शाखा प्रबंधक, जगदीश सिंह भाटी एफएलसी सहित ग्रामपंचायत के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे

### बाबा रामदेव का लक्खी मेला परवान पर

**नवलगढ़,** (निसं)। लोक देवता बाबा रामदेव मंदिर में सोमवार शाम घोडे द्वारा लगाई धोक व फेरी के बाद बाबा की ज्योत के साथ शुरू हुआ लक्खी मेला मंगलवार भाद्रपद शुक्ल दशमी को परवान चढा। मंदिर में सोमवार रात्रि को जागरण के साथ संपूर्ण रात्रि मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंगलवार सुबह तीन बजे से तो धोक लगाने वाले श्रद्धालुओं की इतनी जबरदस्त भीड हो गई कि मंदिर के अंदर व बाहर तिल रखने की भी जगह नहीं बची। दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। हर कोई जय रामसा पीर, म्हारो हेलो सुणो जी रामा पीर के जयकारों, मंदिर में बाबा रामदेवजी के निशान लेकर आए श्रद्धालुओं की कतार के साथ आस्था में डूबा नजर आया। मंदिर में धोक लगाने के बाद मेला क्षेत्र में बच्चे, महिलाएं, पुरूष खिलौने, घरेलू सामान, मिट्टी के बर्तन खरीदते नजर आए। साथ ही लोगों ने झूलों पर झूलने व चाट पकौड़े, आइसक्रीम का आनंद लिया। इन सबके अलावा गांवों से आए किसान व ग्रामीण बुजुर्ग अलगोजे की धुन पर झूमते नजर आए।

### ग्रीन ब्रिगेड टीम ने पौधारोपण किए

**बीदासर** (निसं)। कस्बे की ग्रीन ब्रिगेड व बाबा भूतनाथ समिति के संयुक्त तत्वाधान में बेनाथा रोड व नव निर्मित बाबा भूतनाथ मंदिर प्रांगण में पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान को गति दी गई। ग्रीन ब्रिगेड टीम के अध्यक्ष पवन पारीक ने बताया कि टीम द्वारा अब तक हजारों की संख्या में पेड़ पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। मंदिर प्रांगण के बाहर भी दानदाताओं को ग्रीन ब्रिगेड टीम द्वारा प्रेरित कर दस बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था भी करवाई गई है ताकि सुबह शाम घूमने वाले व्यक्तियों को पेड़ों के नीचे बैठने में आसानी हो। इसके लिए मंदिर समिति सदस्य मनमोहन शर्मा ने ग्रीन ब्रिगेड टीम का आभार जताया। पौधारोपण कार्यक्रम में नंदलाल लोहिया, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, हनुमान मारोठिया, प्रदीप भक्त, पंडित सुशील महाराज, कैलाश गर्ग, मुकेश सैन, हेमाराम मारोठिया, अशोक शर्मा, श्रीराम छापोला आदि ने सहयोग किया।

### भाजपा वरिष्ठ नेता पंचारिया का स्वागत

**सीकर,** (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा के पूर्व सदस्य नारायण पंचारिया अल्प प्रवास पर सीकर आए। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने पदाधिकारियों के साथ उनका भारतीय स्कूल में स्वागत किया।

# अपनी संस्कृति व सांगोपांग लोक कला राजस्थान का गर्व है : राजवीर सिंह चलकोई

■ 'हमारी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है'

**चूरू** (निसं)। राष्ट्रीय संस्थान नगर श्री प्रांगण में राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान द्वारा घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु दिवस पर राज्य की भोपा जाति के सुरीले साज रावण हत्था की मनमोहक प्रस्तुति के साथ भव्य सांस्कृतिक आयोजन हुआ।

पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी की अध्यक्षता वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आईकॉन राजवीर सिंह चलकोई, मुख्य वक्ता इंटेक शेखावाटी चेप्टर की कँनविनीयर डॉ श्रुति नाद एवं विशिष्ट अतिथि बिड़ला सार्वजनिक हॉस्पिटल पिलानी के निदेशक मधुसूदन मालानी व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत सरक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक नितिन बजाज मचस्थ रहे।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 40 देशों में रावण हत्था वाद्य यंत्र कला को बढ़ावा देने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कीकरलाल भोपा ग्रुप ने जब रावण हत्था की धुन पर तालरिया मगरिया रे, हरिराम जी नै ध्यावै बांका दुखड़ा मिट ज्यावै, केशरो नागण को जायो गीत के साथ रावण हत्था की धुन बजाई तो राजस्थान की लोक कला, साकार हो उठी और दर्शक झूमने लगे।

कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान की विरासत की जानकारी देने के लिए ये आयोजन किया गया है। प्रकार की विरासत संरक्षण के कार्यक्रम लगातार किये जायेंगे। उन्होंने संस्था का उद्देश्य बताते हुए कहा कि संस्था लोक कला, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण करने के लिए सरकार से संवाद कर धरोहर को संरक्षित करना है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजवीर सिंह चलकोई ने कहा की राजस्थान की संस्कृति व रीति रिवाज समृद्ध है। इसकी परंपरा में वह मिठास है जो हर व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करती है उन्होंने अनेक उदाहरणों की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में राजस्थान की सभी परंपराओं को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है । वीरों और वीरांगनाओं की इस धरती पर ऐसे लोगों ने जन्म लिया है जिन पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि चूरू का इतिहास भी अनूठा है जहां के शासको ने साहस का परिचय दिया, वहीं यहां के सेठ साहूकारों ने अपनी जन्मभूमि की रक्षा के लिए चांदी समर्पित की और चांदी के गोले चलाये गये।

उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना हम सब राजस्थान के निवासियों की जिम्मेदारी है। हम अपनी इस विरासत को बचाने के लिए आगे आये उन्होने युवाओं का आव्हान किया कि हम सब मिलकर नई पिढि को राजस्थान की शौर्य गाथा की जानकारी दे जिससे युवाओं में इन परम्पराओं का ज्ञान हो। उन्होने जातिवाद और छूआ छूत विषय पर चर्चा करते हुऐ कहा कि इससे देश की जड़ें खोखली होती है आईए हम सब मिलकर देश में हर व्यक्ति के साथ जुड़े और हर व्यक्ति का सहयोग ले। उन्होंने लोक कलाकारों को संस्कृति का दूत बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार कमल सिंह कोठारी ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति को बचाने में इन लोक कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जहां हम लोग राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को छोड़ते जा रहे है वहीं ये जातियां राजस्थान की परम्परा को अपनाये हुऐ है।

उन्होंने राजस्थान के वाद्य यंत्र रावण हत्था, भपंग, सारंगी, कमायचा, मशक, तंदूरा, मोर चंग जैसे वाध्य यंत्रो को राजस्थान की जान बताया। उन्होंने राजस्थान की बोली, पहनावा और संस्कृति में गीत संगीत को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता डॉ श्रुति नाद ने अपने विचार करते हुए कहा की राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के द्वारा यह जो कार्यक्रम किया गया है इसके लिए सभी को साधुवाद। राजस्थान के कण कण में हमारी संस्कृति दिखाई देती है यहां के कण कण में गीत संगीत एक रोचक इतिहास छुपा हुआ है जिसे उजागर करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के पहनावे इसके खान-पान और इसके रहन-सहन की जानकारी हर व्यक्ति को होना आवश्यक है जिसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। डॉ मधुसूदन मालानी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आने वाली युवा पीढी को राजस्थान की अनूठी परंपरा का ज्ञान होता है।

उन्होंने कहा कि हम युवाओं पर जिम्मेवारी है कि वे ऐसे कार्यक्रमो में बढ़ चढ कर भाग ले उन्होने राजस्थान की सेवा परमो धर्म की परम्परा का उल्लेख करते हुऐ कहा कि इस परम्परा ने विश्व को प्रभावित किया है। कार्यक्रम का संचालन गुरुदास भारती व रवि दाधीच ने किया। आयोजन समिति के संयोजक राहुल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि ऐसे कार्यक्रम सभी युवाओं को प्रेरणा देने वाले है।

कार्यक्रम की उत्सुकता व रावण हत्था को सुनने देखने का आलम यह था कि मुसलाधार बारीश में भी सैकड़ो की संख्या में लोग रावण हत्था के सुरीले स्वरों का रसास्वादन करने नगरश्री प्रागण पहुंचे। रावण हत्था के अंतर्राष्ट्रीय कलाकर कीकरलाल भोपा ग्रुप के कीकरलाल, विमला देवी, ताराचंद, सावंरमल और पवन कुमार भोपा ने देर शाम तक अपने बानगी से दर्शको को बांधे रखा और शानदार आयोजन को यादगार बनाया।

इस अवसर पर राजीव बहड़, राहुल शर्मा, रामरतन बजाज, आशा कोठारी, काव्या, प्रभा, राजेश महनसर, डॉ श्यामसुन्दर शर्मा, डॉ प्रमोद बाजोरिया, महेश बावलिया हरिमोहन दाधीच, बाबू पाटील, डॉ मोतीलाल सोनी, हर्ष बजाज, नरेन्द्र राठौड़, सौरभ सिंह, आशीष माटोलिया, कुलदीप जारावत, गौतम सारस्वत, मदन पंवार, अजय नायक, मोहित सिगानियां, रावतसिंह चौहान, मोहित इन्दोरिया, तिलोक औझा, दिपक गुर्जर, दिव्यांस जांगिड, मयंक जालाण, पंकज शर्मा, अमित खारिया, दिव्यासू सैनी, रौनक गुर्जर, डॉ पार्थ शर्मा, डॉ रामानंद शर्मा, सुमित बोहित, गजानंद गौड़, हरिश शर्मा, विकास हिमांशू, सौरभ राजपुरोहित, मेघराज बजाज, कुलदीप जरगावत, आदित्य सिंह एडवोकेट, आन्नद बालाण सहित सैकडों की संख्या में सहित अनेक कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# खेलों और मेलों से लोक संस्कृति तथा सद्भाव को बढ़ावा मिलता है : हीरावत

■ कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया

**चूरू** (निसं)। स्थानीय गांव ढाणी डी एस पूरा में लोक देवता वीर तेजाजी के निर्वाण दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता तथा प्रतिभा सम्मान समारोह समाज सेवी भामाशाह बसंत हीरावत, कुसुम हीरावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मुकाबले में छाजुसर ने तेजल डी एस पूरा को हराकर खिताब अपने नाम किया।

उप विजेता तेजल डीएस पूरा सहित सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा परिणाम में उच्च अंक प्राप्त, नीट , व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती कुसुम हीरावत ने तेजाजी को लोक कल्याण का प्रेरक बताते हुए कहा कि हमारे लोक देवताओं ने पीडित मानवता के कल्याणार्थ उत्सर्ग किया।

बसंत हीरावत ने कहा कि तेजाजी सहित सभी लोक देवताओं के कार्यो से युवा पीढ़ी को संस्कारवान करने के लिए लोक संस्कृति स्मारक बनाने की आवश्यकता है। प्रशासन और सरकार इस दिशा में कार्ययोजना बनाए तो मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं।

विशिष्ट अतिथि जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्योल ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि शोषित और पीड़ित मानवता के महानायक वीर तेजाजी का निर्वाण दिवस तथा बाबा रामदेव जयंती तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्सर्ग करने वाली अमृता देवी विश्नोई का बलिदान दिवस है।

हमारे लोक नायक सद्भाव, समरसता और सहयोग का संदेश देते हैं। वीर तेजाजी विकास समिति के अध्यक्ष दलीप सरावग ने तेजाजी सहित लोक देवताओं के कृतित्व की जानकारी देते हुए लोक साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शैक्षिक और आर्थिक विकास के साथ हम लोक संस्कृति और साहित्य से कटते जा रहे हैं। युवाओं को लोक देवताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना चाहिए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष जसवीर गोदारा ने खिलाडियों, सम्मानित प्रतिभाओं, अतिथियों, ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की टीम के सामंजस्य से लगातार 15 वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

गोदारा ने युवाओं को खेती किसानी में नवाचार करने का आ ान किया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सहीराम पूनिया, शिशुपाल बुडानिया, राकेश बेनीवाल,अनिल रणवां, मोहन हुड्डा, महादेव महिया, जितेन्द्र बाबल, अशोक हुड्डा, कन्हैयालाल रणवां, विनोद गोदारा, गोपीचंद खीचड, नंदकिशोर इसराण, जयप्रकाश ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वीर तेजाजी समूह की तरफ से नेमीचंद गोदारा,पन्ना लाल इसराण, देवेन्द्र , उपेन्द्र, नरेन्द्र सिहाग, रोहित जानू, विकास दुलड, दुष्यंत, मुकेश, बनवारी, भरत, संदीप, मनीष, अनील ने आयोजकीय भुमिका निभाई। संयोजक जसवीर गोदारा ने आभार व्यक्त किया।

### न्याय मित्र केके गुप्ता का नवलगढ़ दौरा

**नवलगढ़,** (निसं)। स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र एवं स्वच्छता अभियान के पूर्व ब्रांड एंबेसडर केके गुप्ता ने नवलगढ शहर का दौरा कर नगरपालिका कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस पर गुप्ता ने नगर पालिका स्टाफ, सीवरेज, ड्रेनेज परियोजना के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की। बैठक में केके गुप्ता द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण की क्रियान्विति के लिए निर्देश प्रदान किए गए।

## सार-समाचार

### डस्टबिन वितरित किए

**सादुलपुर,** (निसं)। नगरपालिका की ओर से स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत दो सितम्बर 2025 को नगर के विभिन्न बाजारों एवं स्थानियों घरों में नि:शुल्क डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका प्रशासन की ओर से सभी लाभार्थियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलवाई गई। शपथ में यह भी उल्लेखित किया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा फैलाते हुए पाया जाता है तो उस पर 500 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा दो टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने वार्डवार जाकर डस्टबिन का वितरण किया एवं लोगों को कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया समझाई। टीम प्रथम का नेतृत्व राकेश धायल ने किया जबकि टीम-द्वितीय का नेतृत्व शांति कुमार ने किया। दोनों टीमों के सभी सदस्यों ने अनुशासित रूप से अपना दायित्व निभाते हुए यह सुनिश्चित किया कि डस्टबिन प्रत्येक लाभार्थी तक पहुँच सके। इस अवसर पर रामवतार बरासरिया, प्रमोद पूनिया, साँवरमल स्वामी, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर डॉ राम कुमार घोटड, कृष्ण भाकर, सुरेश मुदगल, सतबाला रोहिल्ला एवं समस्त नगरपालिका स्टाफ उपस्थित था।

### शहीद की मूर्ति अनावरण आज

**चिड़ावा,** (निसं)। शहीद नंदूसिंह शेखावत की मूर्ति अनावरण आज उनके पैतृक ग्राम स्यालू कलां में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य भरतसिंह शेखावत ने बताया कि बुधवार सुबह होने वाले मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ एवं अति विशिष्ट अतिथि राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढा सहित क्षेत्र के बडी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों को लेकर राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व सरपंच नीतिराज सिंह शेखावत ने ग्राम स्यालू कलां में कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### रामसा पीर के मेले में भंडारे का शुभारंभ

**नवलगढ़,** (निसं)। कस्बे के स्थानीय ठेकेदार यूनियन की ओर से बाबा रामसा पीर के लक्खी मेले में भंडारा लगाया गया। भंडारे का शुभारम्भ पूर्व पालिका चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला ने बाबा रामसा पीर के प्रसाद लगाकर किया। वहीं इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला ने स्थानीय ठेकेदार यूनियन का आभार जताया। साथ ही कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन करवाना व प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना सबसे बडी सेवा है। ठेकेदार यूनियन के सदस्य रामावतार सैनी ने बताया कि भंडारे में शकील काजी, मुस्तफा, महेश कुमार नायक, अमरचंद सैनी, पंचायत समिति सदस्य रामनिवास सैनी, राधेश्याम झाझड़, फूलचंद, तौफिक, कुडीलाल, मनीराम, सरफराज, अर्जुन, पुष्कर, गोविंदराम, रिछपाल, कालूराम, नसरुदीन, हेमराज सैनी, जगदीश घोड़ेला, किशोर कुमावत, शकील तेली, सुभाष खिरोड़, सुरजीत खिरोड़, रमेश मुडसिया, कुडीलाल सैनी सहित स्थानीय ठेकेदार यूनियन के सदस्यगण भंडारे में सहयोग कर रहे है।

### गोगाजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चूरू** (निसं)। सरदारशहर रोड स्थित पिपलाणा धाम गोगामेडी में सोमवार को गोगा जी महाराज का भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। मेड़ी के भगत बनारसी लाल सोनी ने बताया कि गायक कलाकार श्याम शर्मा चूरू, हनुमान खारिया, रामरतन दुधवाखारा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोगामेड़ी में भव्य मेला भरा जिसमें चूरू की अनेक मेड़ियो के भक्तों ने निशान को धोक लगाकर गोगाजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का मेगा फाइनल मुकाबला सुजानगढ़ ने जीता

■ रोमांचक मुकाबले में सीकर को 10 रनों से मात दी

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर के युवा भारती स्टेडियम में चल रही धोबी समाज राजलदेसर के द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मेगा फाइनल मुकाबला रॉयल इलेवन सुजानगढ़ व सीकर रॉयल के मध्य खेला गया। जिसमें रॉयल इलेवन सुजानगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए जबाब में सीकर रॉयल 100 रन ही बना पाए। सुजानगढ़ ने 10 रनों से मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच टीटू सुजानगढ़ रहे।

मैदान पर जमकर आतिशबाजी करके जीत का जश्न मनाया गया। अंपायर अशोक शर्मा, योगेश स्वामी, स्कोरर आमिर राव, राहुल मीणा, बेहतरीन कॉमेंट्री आसिफ बलारा ने की। विजेता टीम को 51 हजार रुपये व चमचमाती ट्रॉफी दी गयी । वही उप विजेता टीम को 25 हज़ार रुपये व ट्रॉफी दी गयी। खिलाडियों ने युवा भारती खेल मैदान की जमकर तारीफ की । आयोजन समिति के मुस्तफा चौहान, तालीम मुवाल, सोयब व अमजत ने बताया कि प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ द सीरीज इमरान बेहलीम सीकर व बेस्ट बैट्समैन अब्दुल्ला डीडवाना, बेस्ट फील्डर सलीम, बेस्ट बोलर याकूब सुजानगढ़, स्कोरर आमिर, महेंद्र कुमार, राहुल मीणा, अंपायर अशोक शर्मा, योगेश स्वामी, कमेंट्री आसिफ बलारा व लाइव प्रसारण सहयोगी महेंद्र पड़िहारा आदि का सम्मान किया गया।

समापन समारोह में वाइस चेयरमैन चंद्रप्रकाश घिंटाला, पूर्व सरपंच मनफूल टांडी, शरीफ छिंपा, अभिकर्ता विक्रम शर्मा, पवन झेडू, युवा विकास समिति अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, अलताफ, सुजानगढ़ से जावेद गौरी, सीकर से जावेद, वाहिद, कायत, फारूक, साजिद, सरदारशहर से इकबाल, कामिल, नवील सांखला, नोशाद सांखला, एडवोकेट मोसिम सांखला आदि मंचस्थ अतिथि थे वही धोबी समाज एवं राजलदेसर के भामाशाहों ने तन मन धन से इस प्रतियोगिता में सहयोग किया आयोजन कर्ताओं की ओर से आए हुए अतिथियों का माला मोमेंटो देकर सम्मान किया वही फाइनल मैच में दर्शकों की संख्या सर्वाधिक देखने को मिली।


**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम 9
जयपुर महानगर द्वितीय (राजस्थान),
युसुफ व अन्य बनाम उमरदराज व अन्य
प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना-पत्र संख्या- 310/2024

1. रसीदा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री असलम, दाराब का मौहल्ला, जाटिया बाजार, सीकर (राज.)
2. हुबली पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री अनीस मौहल्ला शेखपुरा, मुस्लिम मुसाफिर खाने के पास, सीकर (राज.)
3. रईसा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री अब्दुल सलाम, मौहल्ला शेखपुरा. मुस्लिम मुसाफिर खाने के पास, सीकर (राज.)
4. नफीसा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री इमरान, मौहल्ला खण्डेलचियान, सीकर, (राज.)।

उक्त प्रार्थी अमर सिंह मेहता ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए 26.09.2025 को पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर दि. द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला न्यायाधीश क्रम-9
जयपुर महानगर द्वितीय

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम 9 जयपुर महानगर द्वितीय (राजस्थान),
युसुफ व अन्य बनाम उमरदराज व अन्य
वाद बाबत तकासमा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 250/2024

1. रसीदा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री असलम, दाराब का मौहल्ला, जाटिया बाजार, सीकर (राज.)
2. हुबली पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री अनीस, मौहल्ला शेखपुरा, मुस्लिम मुसाफिर खाने के पास, सीकर (राज.)
3. रईसा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री अब्दुल सलाम, मौहल्ला शेखपुरा, मुस्लिम मुसाफिर खाने के पास, सीकर (राज.)
4. नफीसा पुत्री स्व. इब्राहिम खां उर्फ बुन्दू खां पत्नि श्री इमरान, मौहल्ला खण्डेलचियान, सीकर, (राज.)।

वादीगण युसुफ व अन्य ने आपके विरुद्ध उक्त अनुतोष के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 26.09.2025 को दिन में सुबह 10:30 बजे को दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सच प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद दिनांक को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला न्यायाधीश क्रम-9
जयपुर महानगर द्वितीय

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**
क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/1635 दिनांकः 02.09.2025
आपति सूचना
सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशानार्थ सूचित किया जाता है कि श्री वेद प्रकाश, सुभाष चंदर पुत्र श्री मोमन राम जाति कुम्हार निवासी वार्ड न 03, चक 5 आर डब्ल्यू एम, रावतसर, ने आवेदन कर अपने दस्तखरदारी आवासीय भूखण्ड साईज 26.8 गुणा 60 फुट यानि 1600 वर्गफुट का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा श्री मोमनराम पुत्र श्री श्रीचन्द के नाम से साईज 80 गुणा 60 फुट का ग्राम पंचायत द्वारा जारीशुदा है। श्री मोमनराम की मृत्यु दिनांक 29.04.2025 को हो चुकी है। श्री मोमन राम के वारिस फुली देवी (पत्नि) कृष्णा, कौशल्या, राजबाला, लक्ष्मी देवी (पुत्रियां) व वेदप्रकाश, सुभाष चंदर है। उक्त वारिसों द्वारा उपपंजीयक से पंजीकृत दस्तखरदारी दिनांक 16.07.2025 को उक्त भूखण्ड श्री वेदप्रकाश व सुभाष चंदर को दान कर दिया। अतः अपने दस्तखरदारी से प्राप्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः अपने आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**
क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/1639 दिनांकः 02.09.2025
आपति सूचना
सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशानार्थ सूचित किया जाता है कि श्री राम प्रताप सिंह पुत्र श्री चन्द जाति कुम्हार निवासी फरीदाबाद, ने आवेदन कर अपने खरीदशुदा आवासीय भूखण्